आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.08.2026   समय : 1905

- राज्यसभा से मंजूरी मिलने के बाद संसद ने जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया।
- केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से 19 लाख से अधिक परिवारों का बिजली बिल हुआ शून्य।
- उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के दो दिवसीय अंडमान–निकोबार द्वीप समूह दौरे की तैयारियों को लेकर प्रशासन हुआ सक्रिय।
- कृषि निदेशालय ने संविदा आधार पर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई, लेखाकार और सचिवीय सहायक पदों के लिए साक्षात्कार सूची जारी।

**<><><><><><><>**

राज्यसभा की स्वीकृति के साथ ही संसद ने जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। लोकसभा पहले ही इस विधेयक को पारित कर चुकी है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह विधेयक सदन में पेश किया। इस विधेयक का उद्देश्य जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, उन्नीस सौ उन्हत्तर में संशोधन करना है। नया विधेयक विलंबित पंजीकरण के प्रावधानों को और अधिक सख्त बनाने और जन्म तथा मृत्यु की घटनाओं की समय पर सूचना देने को प्रोत्साहित करने के लिए लाया गया है। विधेयक में प्रावधान है कि यदि किसी जन्म या मृत्यु की सूचना पंजीयक को उसके घटित होने के एक वर्ष से अधिक लेकिन दो वर्ष के भीतर दी जाती है, तो जन्म या मृत्यु की प्रामाणिकता के सत्यापन के बाद ही जिला मजिस्ट्रेट, उप–मंडल मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अधिकृत कार्यकारी मजिस्ट्रेट की स्वीकृति से उसका पंजीकरण किया जा सकेगा।

**<><><><><><><>**

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने मादक पदार्थ नियंत्रण के क्षेत्र में 27 देशों के साथ द्विपक्षीय समझौतों और 19 देशों के साथ समझौता ज्ञापनों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत किया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के व्यापार और नशे के दुरुपयोग की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए, ब्यूरो संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस के समन्वय से, युवाओं को नशे के खतरे से बचाने के लिए खुफिया जानकारी आधारित अभियान और निवारक उपाय कर रहा है। श्री राय ने कहा कि भारत में मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के दुरुपयोग पर नियंत्रण के क्षेत्र में केंद्रीय और राज्य स्तरीय मादक पदार्थ कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा अन्य संबंधित पक्षों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए चार–स्तरीय नार्को–समन्वय केंद्र तंत्र स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग, सीमा सुरक्षा बल और राज्य मादक पदार्थ विरोधी कार्यबल के साथ नियमित रूप से समन्वय कर संयुक्त अभियान चला रहा है।

<><><><><><><>

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 19 लाख से अधिक परिवारों का बिजली बिल शून्य हो गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह योजना नागरिकों को सशक्त बना रही है। यह योजना भारत को स्वच्छ और ऊर्जा–सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर करने में गति प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि 25 हजार से अधिक केंद्रीय सरकारी भवन और इक्यासी हजार से अधिक राज्य सरकारी भवन अब छत पर लगे सौर पैनल से संचालित हो रहे हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन के आगामी दौरे के मद्देनजर आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए है। प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उपराष्ट्रपति आठ और नौ अगस्त को द्वीप समूह के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति डॉ बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में शामिल होंगे।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में स्थायित्व लाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने आज राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत गन्ना, अनाज, दलहन, तिलहन और अन्य कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि दलहन और तिलहन के अधिक उत्पादन को ध्यान में रखते हुए किसानों को विभिन्न फसल पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि अब आय के स्रोत पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर दुग्ध उत्पादन, गन्ना और मक्का उत्पादन तक विस्तारित हो गए हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हुई है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना के तहत किसानों को छह हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी मदद मिलती है।

<><><><><><><>

कृषि निदेशालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत संविदा आधार पर लेखाकार और सचिवीय सहायक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की साक्षात्कार सूची जारी कर दी है। साक्षात्कार दस अगस्त को सुबह दस बजे हैडो स्थित कृषि निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। लेखाकार पद और सचिवीय सहायक पद के लिए दस–दस अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम दूरदर्शन केंद्र की ओर से कल शाम साढ़े पाँच बजे लाइव फोन–इन–कार्यक्रम ''पेट टॉक बियॉन्ड द बॉन्ड'' का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का विषय है, ''पालतू पशुओं में प्रमुख बीमारियां - रोकथाम और उपचार''। कार्यक्रम में गाराचरामा पशु चिकित्सालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वी. सुब्रामणियन विशेषज्ञ के रूप में मौजूद रहेंगे और दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। दर्शक फोन नंबर 244–745 और 245–662 पर संपर्क कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

चेन्नई मुख्यालय द्वारा दक्षिण भर्ती क्षेत्र के अधीन भारतीय सेना की ओर से चलाए जा रहे अभियान दिल्ली टू द्वीप 2.0 के तहत द्वीपसमूह में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2026–27 के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार इस रैली में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवारों से प्रवेश पत्र www.joinindianarmy.nic.in से डाउनलोड करने को कहा गया है। यह भर्ती रैली 23 से 26 अगस्त तक नेताजी स्टेडियम में होगी।

**<><><><><><><>**

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए कंप्यूटर विज्ञान विषय में अतिथि प्रवक्ता का पैनल तैयार किया जाएगा है। इसके लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को आवश्यकता के अनुसार मानदेय पर स्नातक कक्षाओं में अध्यापन कार्य के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर बारह अगस्त तक प्राचार्य कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**